# विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय द्वारा साक्षात्कार के आधार पर मैसर्स आईटीसी लिमिटेड कम्पनी में विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों क्रमशः सुमित तिवारी एवं लोकेश पांडे, इलेक्ट्रीकल ईंजीनियर का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग पैकेज 4.62 लाख प्रतिवर्ष के साथ ही अन्य सुविधाएं देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थी को शुभकामनाएं दी है। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एम. एस. नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा बताया कि भविष्य में भी निदेशालय अधिक से अधिक विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु प्रयासरत रहेगा।